indirectly this organisation not through Government sources but through other sources.

**Shrimati Lakshmi Menon:** It is true that we have also listened to this broadcast by the Revolutionary Council and every attempt is being made by the people of East Pakistan not to create any kind of communal disharmony. It is not easy for us to give credence to what appears in the newspapers about massacre, etc. That is why I said that we should get authentic information.

**Shri S. M. Banerjee:** My question was......

**Mr. Speaker:** First the question is put; second is explanation; third is point of order; and fourth is criticism.

**Shri S. M. Banerjee:** It was only part of the question......

**Mr. Speaker:** She has answered that part; that is enough.

**श्री रामसेवक यादव:** मैं प्रधान मंत्री से यह जानना चाहता हूं कि क्या उन की यह जानकारी है कि महात्मा गांधी ने अल्पसंख्यकों की रक्षा के सम्बन्ध में यह कहा था, यह आश्वासन दिया था, कि यदि किसी तरह से उनकी जान न बच सके, तो उस के लिए युद्ध भी किया जायेगा ।

**प्रधान मंत्री तथा अणु शक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री):** मुझे तो याद नहीं है । मैंने नहीं देखा है ।

**भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर फ़िल्म**

+

*213. **श्री मधु लिमये:**
**श्री बागड़ी:**
**श्री रामसेवक यादव:**
**डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी:**
**श्री यशपाल सिंह:**
**डा० राम मनोहर लोहिया:**

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार का विचार पाकिस्तानी आक्रमण पर आधारित एक फ़िल्म तैयार करने का है

(ख) क्या कोई ऐसी योजना बनाई गई है ;

(ग) यदि हां, तो इस दिशा में कितनी प्रगति हुई है ; और

(घ) क्या यह फ़िल्म विदेशों को भी भेजी जायेगी ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी):** (क) और (ख). जी, हां ।

(ग) 5 फ़िल्में फ़िल्म विभाग द्वारा बनाई जा चुकी है और 6 फ़िल्में बनाई जा रही हैं । इसके अतिरिक्त साप्ताहिक समाचार चित्र, "भारतीय समाचार समीक्षा" में जो खबरें दी जा रही हैं वे प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तानी हमले से सम्बन्धित होती हैं । वर्तमान संकट-काल से सम्बन्धित विषयों पर 3 फ़िल्में फ़िल्म विभाग द्वारा तैयार की जा चुकी हैं और 3 तैयार की जा रही हैं ।

(घ) चुनी हुई फ़िल्में विदेशों में भी भेजी जाएंगी ।

**श्री मधु लिमये:** मैं यह जानना चाहता हूं कि यह मंत्रालय जो नई फ़िल्म बनाने जा रहा है, क्या उन के द्वारा यह तथ्य और विचार सामने आयेगा कि यह जो संघर्ष है, यह दो भाइयों के बीच में चल रहा है, जिन का एक हिस्सा अयूबशाही के चंगुल में फंस गया है और इस के साथ साथ क्या इस तथ्य को भी सामने लाया जायेगा कि हिन्दू और मुसलमानों का मजहब अलग हो सकता है, लेकिन उन की नागरिकता समान है और इस समय राज्य अलग हैं, लेकिन राष्ट्र एक है । क्या इस विचार इन को फ़िल्मों के द्वारा सामने लाया जायेगा ?

**एक माननीय सदस्य** : यह भाषण है या प्रश्न ह ?

**श्रीमती इन्दिरा गांधी** : यह विचार भी हमारी फ़िल्मों में रखा गया है ।

**श्री मधु लिमये** : मैं देश और विदेश के बारे में एक सवाल पूछना चाहता हूं । क्या इन फ़िल्मों के द्वारा इस बात को भी सामने रखा जायेगा कि इधर सात आठ सौ वर्षों का जो हिन्दू-मुसलमान का मामला है, असल में यह झगड़ा हिन्दू मुसलमानों का नहीं है, बल्कि विदेशी आक्रमणकारी और देशी लोगों का झगड़ा ह और इसलिए अगर देश को मजबूत बनाना है, तो जो दबी हुई जातियां हैं, या मुस्लिम अल्पसंख्यकों में जो पिछड़े हुए हैं, उन को विशेष अवसर दिया जायेगा और एक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाया जायेगा ?

**श्री उ० मू० त्रिवेदी** यह तो झगड़ा कराने की बात है ।

**श्रीमती इन्दिरा गांधी** : यह तो वही प्रश्न फिर से पूछा गया है ।

**अध्यक्ष महोदय** : इन बातों को भी सोच लिया जाये ।

**Dr. L. M. Singhvi**: Will the Government tell us why it has been slow to the point of being inert in releasing these films and why no full length documentary has yet been released on the entire conflict outlining the underlying issues?

**Shrimati Indira Gandhi**: One film called "Now and Then" has already been released and has been shown in many cinemas in the country. In our News Reviews, as I said earlier in reply to a question, various events concerning different parts of the story have been shown. Other films are in the process of being made. It is true that there has been some delay for which I apologize, but all the fault was not our; it was difficult for cameramen to go to the front to take pictures.

**Dr. L. M. Singhvi**: My question about the full-length documentary has not been answered. I wanted to know whether a full-length documentary was being produced, outlining the underlying issues. That it the most important thing.

**Shrimati Indira Gandhi**: That is about to be released any day.

**श्री यशपाल सिंह** अमरीका के बने हुए जो टैंक हमने पाकिस्तान से छीने थे, हमने उनको अमरीका की रिक्वेस्ट पर मौके से हटा दिया है और लोगों को नहीं देखने दिया है । मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या इस तरह की बात इन फ़िल्मों में तो नहीं है ।

**श्रीमती इन्दिरा गांधी** : फ़िल्मों में टैंकों के चित्र तो आए हैं और उन में यह भी दीखता है कि वे अमरीका के बने हुए हैं ।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : क्या इन फ़िल्मों में ऐसी सच्चाइयां भी आयेंगी कि 7 सितम्बर से 10 सितम्बर तक खुद भारत सरकार के दिये हुए संवादों के अनुसार हमारी पल्टन मुग़लपुरा में, जो कि लाहौर का एक मुहल्ला है, पहुंच चुकी थी और वहां के रेडियो स्टेशन को खत्म कर चुकी थी और लाहौर में घुसने ही वाली थी, लेकिन 11 सितम्बर के बाद में यह सोचा गया कि अब तो मामला बीस लाख आदमियों के खिलाने-पिलाने का है, इसलिए वे वहीं रूक जायेंगी ?

**श्रीमती इन्दिरा गांधी** फ़िल्मों का इस से कोई सम्बन्ध नहीं है ।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : अध्यक्ष महोदय, अब मैं आप की सहायता चाहता हूं, क्योंकि इस के सिवा मंत्री जी से मैं तो पेश नहीं पा सकता । अगर इस से सम्बन्धित नहीं है, तो किस से है ?

**अध्यक्ष महोदय** : इस बारे में जितने सवाल हुए हैं, वे ज्यादा से ज्यादा माननीय सदस्यों के सजैस्टियन हैं कि उन के ख्याल

में ऐसी चीजें भी फ़िल्मों में दिखाई जायें और वे उन फ़िल्मों का हिस्सा हों। ऐसी सूरत में मिनिस्टर ज्यादा से ज्यादा यही कह सकता है कि उन्होंने मेम्बरों की ख्वाहिशात को सुन लिया है और वह उन पर ध्यान देंगे और देखेंगे कि कौन सी चीज फ़िल्मों में लाई जा सकती है और कौन सी नहीं लाई जा सकती है।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : मैं आप से अर्ज करना चाहता हूं कि मेरा सवाल सिर्फ़ यह है कि क्या ये फ़िल्में सच्चाई बतायेंगी या इधर-उधर की कुछ चीज छोड़ कर, कुछ जोड़ कर, एक झूठी तस्वीर सामने लायेंगी वाली यही सवाल है।

**श्रीमती इन्दिरा गांधी** : अगर डाक्टर साहब फ़िल्म देखेंगे, तो उन को खुद मालूम हो जायेगा।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : आप जैसे चेहरे दिखाई दें, तो मालूम हो जायेगा, वर्ना क्या मालूम होगा ?

**अध्यक्ष महोदय** आर्डर, आर्डर।

**Shrimati Vimla Deshmukh:** May I know what efforts are being made to show these films to the rural people?

**Shrimati Indira Gandhi:** All our films are shown both in the cities and in rural areas.

**Shrimati Savitri Nigam:** In view of the fact that in many foreign countries our very justified stand has been misunderstood, may I know whether the hon. Minister is thinking of sending such newsreels and such news items as the battle of Dograi to be shown and broadcast respectively in other countries in order to keep our case explained fully?

**Mr. Speaker:** Let these be prepared first and then we can consider whether we can send them outside.

**Shri Kapur Singh:** Has the hon. Minister of Information and Broadcasting taken note of the publicly expressed allegations that studied attempts have been and are being made to play down the Sikh role in these films and if so....

**Shri Raghunath Singh:** No, that is not correct.

**Shri Kapur Singh:** These allegations have been publicly and widely made....

**Shri Raghunath Singh:** No.

**Shri Kapur Singh:** May I know whether a note has been taken of them and, if so, what action is being taken in that regard......

**Shri Raghunath Singh:** That is not fair, and that should be expunged.

**Shri Kapur Singh:** My hon. friend always wants everything to be expunged from the proceedings. There is no question of expunction here. I want to know whether a note has been taken of those allegations and, if so, what action is being taken in that regard?

**Shrimati Indira Gandhi:** I do not think there is any truth in this allegation. I had certainly not heard it before. In fact, starting from the Prime Minister downwards, all the Ministers and all members of the public who have spoken on this issue have very greatly praised the role played by brave Sikh jawans and officers in those areas.

**Shri Kapur Singh:** She is not well informed.

### आकाशवाणी के कार्यक्रम

\+

*214. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
**श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती:**
**श्री म० ला० द्विवेदी :**
**श्री सुबोध हंसदा :**
**श्री स० चं० सामन्त :**
**श्री पाराशर :**
**श्री डा० ना० चतुर्वेदी :**

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल के भारत-